सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-241
15/05/2018

मुख्यमंत्री ने श्रीकृष्ण साइंस सेंटर एवं बिहार संग्रहालय का मंत्रिमण्डल सहयोगियों के साथ किया भ्रमण

पटना, 15 मई 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज अपने मंत्रिमण्डल सहयोगियों के साथ गांधी मैदान के पास श्रीकृष्ण साइंस सेंटर परिसर का भ्रमण किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री सहित मंत्रिमण्डल सहयोगियों एवं वरीय पदाधिकारियों को 'साइंस ऑन ए स्फियर" में ग्लोब के माध्यम से आकाश गंगा, सौर मण्डल, पृथ्वी सहित अन्य ग्रहों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। इसमें पृथ्वी की उत्पत्ति एवं पृथ्वी की उत्पति के पूर्व की परिस्थितियों की जानकारी भी ग्लोब के माध्यम से दी गयी। ग्लोब के जरिए सूर्य सहित सौरमंडल के अन्य ग्रहों के बारे में ज्ञानवर्द्धक बातें बतायी गयी। विशेषज्ञों ने प्रकृति तथा प्रकृति पर जल, जन–जीवन की स्थितियों से जुड़े तथ्यों का भी विश्लेषण किया।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने अपने मंत्रिमण्डल सहयोगियों के साथ बिहार संग्रहालय का भ्रमण किया। भ्रमण के क्रम में मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह ने बिहार संग्रहालय के निर्माण तथा उसकी विशेषता एवं म्यूजियम में लगाये गये विभिन्न प्रदर्शों के संबंध में एक संक्षिप्त परिचय दिया। परिचय के पश्चात मुख्यमंत्री ने अपने मंत्रिमण्डल सहयोगियों के साथ बिहार संग्रहालय का भ्रमण कर विभिन्न दीर्घाओं में लगाये गये प्रदर्शों का अवलोकन किया।

इसके पश्चात बिहार संग्रहालय सभाकक्ष में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें राज्यपाल श्री सत्य पाल मलिक भी शामिल हुये। सांस्कृतिक कार्यक्रम में देवास मध्यप्रदेश के श्री कालू राम बामनिया द्वारा संत कबीर के गान को प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर बिहार मंत्रिमण्डल के कई मंत्रीगण, मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, प्रधान सचिव कला, संस्कृति एवं युवा विभाग श्री चैतन्य प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, विशेष सचिव मुख्यमंत्री सचिवालय श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******